कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री भगवती प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कुंज बिहारी लाल तिवाडी निवासी ग्राम पोस्ट रसीदपुर तहसील महवा जिला दौसा राजस्थान– 321613

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा

अपील संख्या 142/2025

निर्णय

दिनांक 24.11.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2921 दिनांक 10.11.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांकःआरटीआई/2025/985 दिनांक 10.11.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को वांछित सूचना पत्र कमांकःआरटीआई/2025/824 दिनांक 19.9.2025 के द्वारा अपीलांट को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.12.17 12:18:32 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा